बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 पटना।

दिनांक– 17.10.2024 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही।

बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0, पटना के अन्तर्गत Construction of 74 Nos Shop at Dekuli Dham की निविदा के तकनीकी बीड के मूल्यांकन हेतु दिनांक– 26.09.2024 को बैठक की गई।

1. उक्त निविदा में सम्मलित दो निविदादाताओं (1) किरण देवी, केसरिया, पूर्वी चम्पारण एवं (2) मेसर्स आर्या इंटरनेशनल कॉरपोरेशन लि0, पटना में से एक निविदादाता मेसर्स आर्या इंटरनेशनल कॉरपोरेशन लि0, पटना, EMD जमा नहीं करने के कारण **नॉन रिसपॉन्सिव** तथा दूसरे निविदादाता किरण देवी **रिसपॉन्सिव** पाये गये।

2. दिनांक– 26.09.2024 को तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदित बैठक की कार्यवाही में डाटा इंट्री ऑपरेटर द्वारा पुरानी बैठक की कार्यवाही के आधार पर वर्णित निविदा की कार्यवाही तैयार की गई, जिसमें कॉपी पेस्ट किये जाने के कारण भूलवश उक्त कार्य की पूनर्निविदा आमंत्रित किये जाने की अनुशंसा अंकित हो गई।

3. वर्णित कार्य पूनर्निविदा है। पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या– 3162 दिनांक– 09.05.2021 के आलोक में पूनर्निविदा आमंत्रण के पश्चात् भी यदि तकनीकी बोली के मूल्यांकन के उपरान्त वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु मात्र एक निविदा शेष रह जाती है तो ऐसे मामले का निपटरा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर के उपर के प्राधिकार द्वारा किया जाना प्रावधानित है।

अतः तकनीकी मूल्यांकन समिति सर्वसम्मति से दिनांक– 26.09.2024 को वर्णित कार्य के तकनीकी मूल्यांकन की कार्यवाही में पूनर्निविदा किये जाने संबंधी टंकण भूल को उपरोक्त वर्णित कंडिका 3 (तीन) के आलोक में इसे संशोधित करते हुए सक्षम प्राधिकार के स्तर से वित्तीय बीड खोलने के निर्णय हेतु अनुशंसा करती है।

17/10/24 सहायक अभियंता बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना	17/10/2024 कार्यपालक अभियंता बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना	17-X-24 उपमहाप्रंधक (वि0 एवं लेखा) बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना

17/10/24
मुख्य अभियंता
बि॰स्टे॰टू॰डे॰कॉ॰लि॰, पटना